जानलेवा हमले में आठ माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी पुलिस टीम ने इलाके में हार्डकोर अपराधी पर फायरिंग कर हुए जानलेवा हमले के मामले में कार्यवाही करते हुए आठ माह से फरारी काट रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 8 जून 2024 को दादाबाड़ी क्षेत्र के अधरशीला वक्फ नगर इलाके में हार्डकोर अपराधी नियामत अली उर्फ शनी पर फायरिंग कर धारदार हथियारों से जानलेवा हमले के मामले मे फरार चल रहे मुख्य आरोपी के साथी अब्दुल रईस उर्फ मल्या जो पिछले आठ माह से फरारी काट रहा है और बार -बार अपनें छिपने के ठिकाने बदल रहा है आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक योगेश कुमार

■ **प्रकरण में आठ आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार**

शर्मा के सुपरविजन एवं दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना एवं कड़ी मेहनत करते हुए मुख्य आरोपी सिराज उर्फ चिग्गा के साथी शिवपुरा निवासी अब्दुल रईश उर्फ मल्या (45) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जो घटना के बाद पिछले आठ माह से फरारी काट रहा था। शहर एसपी ने बताया कि प्रकरण में कुल 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चूकी है।

यह था मामला:- दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने बताया कि 8 जून 2024 को सूचना मिली कि दादाबाड़ी थाने का हार्डकोर अपराधी शानी उर्फ नियामत अली अपने घर की ओर जा रहा था तभी अधरशीला वक्फ नगर इलाके में कुछ बदमाशों ने शानी उर्फ नियामत को रोककर जान से मारने की नियत से उस पर फायरिंग कर दी और धारदार हथियारो से हमला कर दिया जिससे उसके सिर व शरीर के अन्य जगह गंभीर चोट आई। थानाधिकारी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद घायल का पर्चा बयान लेकर रिपोर्ट दर्ज की गई और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटैज खंगालकर हमलावरों की पहचान की गई।

दादाबाड़ी थानाधिकारी ने बताया कि मामले मे कार्यवाही करते हुए पूर्व में करामत उर्फ भैया, सईद उर्फ राजा, मोहम्मद माजिद, दिलिप सिंह हाडा उर्फ कानू बना, एवं सिराज अहमद उर्फ चिग्गा सहित दो बालकों को संघर्षरत निरूद्ध किया गया वहीं मामले में आरोपी अब्दुल रईश उर्फ मल्या फरार चल रहा था जिसको पकड़ने के लिये पुलिस टीम ने कई बार दबिश दी लेकिन आरोपी इतना शातिर था कि टीम के पहुंचने से पहले ही अपने ठिकाने बदल लेता था लेकिन टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए फरार चल रहे आरोपी अब्दुल रईस को गिरफ्तार कर लिया।

बकाया राशि के सात ट्रांसफार्मर उठाए

छबड़ा (निसं)। विद्युत निगम की टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए 9 लाख से अधिक की बकाया राशि के 7 ट्रांसफार्मर उठाए। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला व कनिष्ठ अभियंता केडिया रजनीश चावला व मोहम्मद अंसार ने बताया कि उनके नेतृत्व में विद्युत निगम की टीम ने क्षेत्र के सिंगल फ़ेस के 2 ट्रांसफ़ॉर्मर और थ्री फ़ेस के 5 ट्रांसफ़ॉर्मर, भीलवाडाऊँचा से 2, गोडियाचारण से 2, छत्रपुरा से 1, भोजपुर से 1 और सेवनखेडी से 1 ट्रांसफ़ॉर्मर लगभग 9.50 लाख की बकाया राशि पर उठाए।

मंगल कलश को लेकर मातृशक्ति में भारी उत्साह

कोटा, (निसं)। नववर्ष उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल एवं महामंत्री छगन माहुर नें बताया है कि "प्रकृति प्रदत्त, ईश्वरीय हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 रविवार को चैत्र शुक्ल एकम् अर्थात वर्ष प्रतिपदा से प्रारम्भ हो रहा है। नववर्ष के निमित्त 28 मार्च को स्वदेशी मेला, 30 मार्च को हिन्दू नववर्ष शोभायात्रा, पवित्र मंगल कलश सहित हिन्दू धर्मसभा के आयोजन हो रहे है।

उन्होंने कहा कि पूरे महानगर में उत्साह और उमंग का वातावरण है, छोटी-बड़ी बैठकों का क्रम जारी है। सभी 12 नगरों की छोटी एवं बड़ी बैठकें हो चुकी हैं। नगरों में बस्तीयों में स्थानीय स्तर पर बैठकें हो रहीं हैं। महिलाओं की मंगल कलश हेतु रसीद काट कर पंजीयन किया जा रहा है। युवाओं की शस्त्र वाहनी का सूचीकरण किया जा रहा है। सूचना पत्रकों का वितरण हो रहा है, डोर-टू-डोर संपर्क किया जा रहा है।

अलग अलग विषयवार निरंतर बैठकें और व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। समिति के मीडिया प्रभारी अरविन्द सिसोदिया नें बताया कि जहां मंगल कलश यात्रा में सम्मिलित होने के लिए मातृशक्ति में भारी उत्साह है वहीं हिंदू नवसंवत, हिंदू महीने, ग्रह-नक्षत्र एवं ऐतिहासिक घटनाक्रमों को जानने समझनें क़ी भी उत्सुकता समाज एवं नई पीढ़ी में देखने को मिल रही है।

उन्होनें कहा है कि आधुनिक युग में सोसाल मीडिया एक सशक्त माध्यम है इसके द्वारा भी समिति अपने नवसंवत के स्वागत एवं शुभकामनाओं का सम्प्रेषण करें, इस हेतु एसएमएस, वाट्सएप, फेसबुक, एक्स अर्थात टिवटर, इंस्ट्राग्राम, ब्लॉग और यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विविध स्वरूपों में अपने नवसंवत का अभिनंदन एवं शुभकामनाएं प्रेषित करने की व्यवस्था की गई है।

फायरिंग का इनामी आरोपी आरडीएक्स उदयपुर से गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। महावीर नगर पुलिस टीम ने दुकानदार पर हुई फायरिंग के मामले में फरार चल रहे आरोपी रूद्रेश मीणा उर्फ आरडीएक्स को उदयपुर से गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 27 जनवरी को फरियादी रणजीत सिंह उर्फ रिंकू ने महावीर नगर थाने में रिपोर्ट दी थी कि 26 जनवरी की रात्रि को जीएडी सर्किल पर उसकी चाय की दुकान के बाहर एक कार आकर रूकी जिसमे चार-पांच व्यक्ति बैठे हुए थे जिन्होने कार में से ही सिगरेट मांगी और कार में सिगरेट नही देने की बात को लेकर झगड़ा करने लगे बीच-बचाव के लिये उसका भाई पवन सिंह हाडा मौके पर आया और समझाईश कर जाने लगा तो उनमे से एक जने ने पवन पर फायरिंग कर दी जिसमे वह घायल हो गया।

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए फायरिंग में फरार चल रहे आरोपी थाना अयाना प्रेमपुरा निवासी रूद्रेश मीणा उर्फ आरडीएक्स को उदयपुर से दस्तयाब कर प्रकरण में गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

'गुरु भक्ति है शिष्य के जीवन की पहचान'

बूंदी (निसं)। जैन चौगान हाल मे प. पू. भारत गौरव सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ प्रणेत्री श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में यदि गुरु नहीं तो जीवन शुरू नहीं। गुरु की महिमा शब्दों में बता पाना बहुत मुश्किल है। गुरु भक्ति शिष्य के जीवन की पहचान होती है। यदि गुरु के प्रति समर्पण है भक्ति है तो उसका विकास है। अन्यथा निश्चित रूप से उसका पतन है। अत: शिष्य हो या श्रावक समूह उन्हें गुरु के प्रति कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।